चिकित्सकीय उत्पादों तक पहुँच पर आधारित वैश्विक सम्मेलन, 2019

प्रीलिम्स के लिये:

विश्व स्वास्थ्य संगठन

मेन्स के लिये:

चिकित्सकीय उत्पादों तक पहुँच पर आधारित वैश्विक सम्मेलन, 2019 के विविध पक्ष

चर्चा में क्यों?

19 नवंबर 2019 को नई दिल्ली में 'चिकित्सकीय उत्पादों तक पहुँच पर आधारित वैश्विक सम्मेलन, 2019- सतत विकास लक्ष्य, 2030 की प्राप्ति' (2019 World Conference on Access to Medical Products- Achieving the SDGs 2030) का आयोजन प्रारंभ हुआ है।

मुख्य बिंदु:

- इस सम्मेलन का आयोजन विश्व स्वास्थ्य संगठन (World Health Organization- WHO) तथा केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (Ministry of Health & Family Welfare- MoHFW) द्वारा भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (Indian Council of Medical Research), जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद (Biotechnology Industry Research Support Council- BIRAC) तथा ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (Translational Health Science and Technology Institute- THSTI) के सहयोग से किया जा रहा है।
- केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार, यह सम्मेलन सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (Universal Health Coverage) के तहत विश्व भर में चिकित्सा उत्पादों के अनुभवों को साझा करने तथा पहुँच बढ़ाने के लिये एक महत्त्वपूर्ण मंच है।
- WHO ने इस सम्मेलन के माध्यम से विश्व के सभी लोगों के लिये चिकित्सा उत्पादों की किफायती उपलब्धता की वचनबद्धता दोहराई है।

सम्मेलन का उद्देश्य

(Objective of Conference):

- सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज और सतत् विकास लक्ष्य, 2030 को प्राप्त करने के लिये चिकित्सा उत्पादों के क्षेत्र में नवाचार करना।
- गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित चिकित्सा उत्पादों तक बेहतर पहुँच के लिये नियामक तंत्र स्थापित करना।
- चिकित्सा उत्पादों तक पहुँच बढ़ाने के लिये वर्तमान बौद्धिक संपदा समझौतों और व्यापार समझौतों पर चर्चा करना।

सम्मेलन से संबंधित अन्य तथ्य:

- MoHFW के अनुसार, इस सम्मेलन से किफायती एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा उत्पादों के बारे में अभिनव चिंतन का मार्ग प्रशस्त होगा।
- इस सम्मेलन में 'पोजिशन पेपर- 2019 वर्ल्ड कांफ्रेंस ऑन एक्सेस टू मेडिकल प्रोडेक्ट्स- एचिविंग द एसडीजी 2030' (Position Paper-2019 World Conference on Access to Medical Products– Achieving the SDGs 2030) 'व्हाइट पेपर ऑन सेफ्टी ऑफ रोटावायरस वेक्सीन इन इंडिया: स्मार्ट सेफ्टी सर्विलांस अप्रोच' (White Paper on Safety of Rotavirus Vaccine in India: Smart Safety Surveillance Approach) और 'नेशनल गाइडलाइन्स फॉर जीन थेरेपी प्रोडक्ट डेवलपमेंट एंड क्लीनिकल ट्रायल्स' (National Guidelines for Gene Therapy Product Development and Clinical Trials) का विमोचन किया गया।
- दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज पर क्षेत्रीय फ्लैगशिप कार्यक्रम (Regional Flagships Programme) के तहत

आवश्यक दवाओं तक सभी व्यक्तियों की पहुँच स्थापति करना इस कार्यक्रम की प्राथमकिताओं में से एक है।

- इस सम्मेलन का आयोजन पहली बार वर्ष 2017 में हुआ था।

स्रोत- PIB

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/world-conference-on-access-to-medical-products